# Market Survey

## बाजार सर्वेक्षण

बाजार सर्वेक्षण किसी सामग्री की खरीद की प्रथम प्रक्रिया है। जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित सूचनाये प्राप्त की जाती हैं :-

(i)- किसी विशिष्ट उत्पादन कौन-2 उत्पादक बना रहे हैं?
(ii)- उक्त उत्पादन के लिये विभिन्न कम्पनियों के मूल्य क्या हैं
(iii)- कौन सी सामग्री कहाँ व किस मूल्य पर उपलब्ध है ?
(iv)- कहाँ से सामग्री की खरीद economical होगी ?

## मूल्य सूची (Prise list) :-

प्रत्येक उत्पादक व विक्रेता अपने सामानों की एक विक्रय सूची बनाता है, जिसमें वह सामग्री के विशेष विवरण के साथ मूल्य व खरीद सम्बन्धी अन्य सूचनायें प्रस्तुत करता है, सामग्री के लिये इस प्रकार की यह सूची, मूल्य सूची कहलाती है।

## मूल्य-सूची

| क्र० सं० | सामग्री का नाम व विवरण | दर | मूल्य (रुपये) |
|---|---|---|---|
| 1. | 15A 250V DPIC स्विच बजाज निर्मित | प्रति | |
| 2. | प्रतिदीप्ति नली 40W 230/250V फिलिप्स निर्मित | प्रति | |
| 3. | वाहक नली निरीक्षण मोड़ 19 mm | प्रति | |
| 4. | G. I. तार 8 S.W.G. | प्रति किग्रा | |
| – | – | – | |
| – | – | – | |
| 25. | 5 A 250V एक-मार्गी फ्लश स्विच बैकेलाइट, एन्कर निर्मित | प्रति दर्जन | |

## सामग्री की सूची (List of Materials)

| क्र० सं० | सामग्री का नाम व विवरण | आवश्यक मात्रा | मात्रा इकाई | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| — | | | | |
| — | | | | |

## सूची मूल्य व शुद्ध मूल्य :-

प्राय: मूल्य सूची में उत्पादन शुल्क (excise duty), बिक्री कर (Sales tax) तथा अन्य स्थानीय कर शामिल नहीं होते हैं। वस्तु का उत्पादन शुल्क, केन्द्रिय तथा स्थानिय कर रहित यह मूल्य, सूची मूल्य कहलाता है।

विक्रेता, सामग्री का मूल्य या तो सूची मूल्य पर शुल्क, कर छूट आदि की गणना कर शुद्ध मूल्य प्रस्तुत करता है, अथवा सूची मूल्य के साथ उत्पादन कर, बिक्रीकर स्थानीय कर, छूट आदि का प्रतिशत देता है। जिसके आधार शुद्ध मूल्य की गणना की जाती है।

## शुद्ध मूल्य (Net Price) :-

सूची मूल्य पर उत्पादन शुल्क, केन्द्रिय व स्थानिय कर, व discount आदि लगा देने पर वस्तु का जो मूल्य तैयार होता है, वह उसका शुद्ध मूल्य (Net Prise) कहलाता है।